# प्रेस नोट थाना गोला जनपद गोरखपुर दिनांक 05.04.2025

## बैंक के कर्मचारियों द्वारा कूटरचित व अवैध दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी कर पैसा गबन करने के आरोप में 05 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गोला मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 548/2023 धारा 406,419,467,468,471 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1. अभय तिवारी 2. आशुतोष दूबे उर्फ चंचल दूबे 3. संजय गिरि 4. जय कुमार 5. वारिश अंसारी को गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

वादी भारत फाइनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड इंडसंड बैंक की शाखा में ब्रांच मैनेजर है। जिनके द्वारा दिनांक 28.10.2023 को गबन और धोखाधड़ी के संबंध में थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनकी संस्था का प्रमुख कार्य ग्रामीण एंव अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में महिलाओं का समूह बनाकर स्वरोजगार एवं आय सृजन हेतु आसान ई-केवाईसी के माध्यम से समूह के सदस्यों को बैंक एकाउण्ट में लोन देने एवं साप्ताहिक आसान किस्तो में संग्रह की प्रक्रिया है।

शाखा के पूर्व मैनेजर बृजेश कुमार (अभियुक्त) अपने सहयोगी अभियुक्तों से मिलकर इंडसंड बैक के ऋण व बीमा धारकों को कूटरचित व अवैध दस्तावेजों के माध्यम से मृत दिखाकर धोखाधड़ी कर व एलिजिबिलिटी चेक करने व बैलेंस चेक करने के नाम पर लोन का पेमेन्ट कराकर 11 सेन्टर के 19 सदस्यों से कुल 644197.00 रूपये का गबन किया गया उक्त के संबंध में अभियुक्त व उसके पिता रामबली से बात की गई तो उनके द्वारा पैसा न देने व जान से मारने की धमकी दी गयी। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। प्रकरण में पूर्व में 04 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

**अपराध का तरीका-**

**अभियुक्तों द्वारा व्यक्तियों को ऋण देकर व उसका बीमा कराकर पैसा गबन करने की नियत से ऋण धारकों का कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर स्वयं ही उसका सत्यापन कर डेथ पेमेन्ट ऋण धारकों के खाते में डालकर स्वयं पैसा निकाल लिया जाता था ।**

**अपराध का विवरण-**

1. आरोपी बीसीएम संजय गिरि व आरोपी फिल्ड स्टाफ जय कुमार द्वारा सदस्य/अभियुक्ता साधना पत्नी विनय कुमार निवासी सुअरज बुजुर्ग थाना गोला जनपद गोरखपुर के पति विनय कुमार का उसके जीवित रहते हुए अवैध व कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र का सत्यापन कर डेथ पेमेंट लोन की धनराशि 119169.00 रूपए का गबन किया गया।
2. आरोपी बीसीएम संजय गिरि व आरोपी फिल्ड स्टाफ आशुतोष दूबे उपरोक्त द्वारा सदस्य/अभियुक्ता आयशा उर्फ आशा पत्नी इस्लाम निवासिनी गोला सराय थाना गोला जनपद गोरखपुर के पति इस्लाम का उसके जीवित रहते हुए अवैध व कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र का सत्यापन कर डेथ पेमेन्ट लोन की धनराशि 154271.00 रूपए का गबन किया गया।
3. आरोपी बीसीएम अरूण कुमार व आरोपी फिल्ड स्टाफ आशुतोष दूबे उपरोक्त द्वारा सदस्य/अभियुक्ता मालती देवी पत्नी खुशहाल निवासिनी ग्राम विसरा थाना गोला जनपद गोरखपुर के पति खुशहाल का उसके जीवित रहते हुए अवैध व कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र का सत्यापन कर डेथ पेमेन्ट लोन की धनराशि 165296.00 रूपए का गबन किया गया।

4. आरोपी बीसीएम कृष्ण कुमार शर्मा व आरोपी फिल्ड स्टाफ आशुतोष दूबे उपरोक्त द्वारा सदस्य/अभियुक्ता रोजी पत्नी मैनुद्दीन निवासिनी गोला बाजार थाना गोला जनपद गोरखपुर के पति मैनुद्दीन का उसके जीवित रहते हुए अवैध व कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र का सत्यापन कर डेथ पेमेन्ट लोन की धनराशि 133413.00 रूपए का गबन किया गया।
5. आरोपी बीसीएम अभय तिवारी व आरोपी फिल्ड स्टाफ वारिश अंसारी उपरोक्त द्वारा सदस्य/अभियुक्ता राजकुमारी पत्नी नीरज जायसवाल निवासिनी गोला बाजार थाना गोला जनपद गोरखपुर के पति नीरज जायसवाल का उसके जीवित रहते हुए अवैध व कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र का सत्यापन कर डेथ पेमेन्ट लोन की धनराशि 174832.00 रूपए का गबन किया गया।
6. आरोपी बीसीएम अभय तिवारी व आरोपी फिल्ड स्टाफ आशुतोष दूबे उपरोक्त द्वारा सदस्य/अभियुक्ता शबनम खातून पत्नी अलाउद्दीन निवासिनी गोला बाजार थाना गोला जनपद गोरखपुर के पति अलाउद्दीन का उसके जीवित रहते हुए अवैध व कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र का सत्यापन कर डेथ पेमेन्ट लोन की धनराशि 138938.00 रूपए का गबन किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता -**

1. अभय तिवारी पुत्र बृजनारायण तिवारी निवासी सुगही तिवारी टोला थाना रविन्द्र नगर जनपद कुशीनगर
2. आशुतोष दूबे उर्फ चंचल दूबे पुत्र सुरेन्द्र दूबे निवासी पश्चिमी बशारतपुर थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
3. संजय गिरि पुत्र श्यामबदन गिरि निवासी ग्राम करौदी परसिया मिश्र थाना खुखुन्दु जनपद देवरिया
4. जय कुमार पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम मिश्रौली उर्फ सुन्डीहा थाना भलुअनी जनपद देवरिया
5. वारिश अंसारी पुत्र स्व0 इशरातल अंसारी निवासी ग्राम मुण्डेरा ठकुराई थाना झगहा जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 548/2023 धारा 409,419,467,468,471,120(बी) भा0द0सं0 थाना गोला जनपद गोरखपुर

## पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1. आशिया उर्फ आशा पत्नी इस्लाम वार्ड नंबर 8 बड़ी मस्जिद के पास गोला थाना गोला जनपद गोरखपुर
2. राजकुमारी देवी पत्नी नीरज जायसवाल निवासी वार्ड नंबर 21 मोहल्ला मछली हट्टा गोला बाजार थाना गोला जनपद गोरखपुर
3 साधना देवी पत्नी विनय कुमार मौर्य निवासी ग्राम सुअरज थाना गोला जनपद गोरखपुर
4. मोती देवी पत्नी गौरी शंकर प्रजापति निवासी ग्राम सुअरज थाना गोला जनपद गोरखपुर

**वांछित अभियुक्तो का नाम व पता-**

1. मालती पत्नी खुशहाल (रोहित) निवासी वार्ड नंबर 21 मोहल्ला मछली हट्टा गोला बाजार थाना गोला जनपद गोरखपुर
2. रोजी पत्नी मैनुद्दीन निवासी वार्ड नंबर 21 मोहल्ला मछली हट्टा गोला बाजार थाना गोला जनपद गोरखपुर
3. रेखा पत्नी बबलू सोनकर निवासी गोला बाजार थाना गोला जनपद गोरखपुर
4. गौतम कुमार श्रीवास्तव पुत्र धर्मेंद्र लाल निवासी ग्राम डुमरी थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर
5. फील्ड स्टाफ कृष्ण गोपाल सिंह पुत्र नागेंद्र सिंह निवासी आमतौरा जनपद गोरखपुर
6. बीसीएम अरुण कुमार पुत्र सुभाष प्रसाद निवासी ग्राम सिमरा चंदौली तहसील परतावल जनपद महाराजगंज
7. **( पूर्व शाखा प्रबन्धक)** बृजेश कुमार सरोज पुत्र रामबली निवासी कटुई थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़
8. फील्ड स्टाफ संगम गौड़ पुत्र राजेन्द्र गौड़ निवासी डोमहर माफी थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर
9. बीसीएम कृष्ण कुमार शर्मा पुत्र अज्ञात
10. शबनम खातून पत्नी अलाउद्दीन पता गोला बाजार थाना गोला जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा थाना गोला जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 देवेन्द्र सिंह यादव थाना गोला जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 रविसेन यादव थाना गोला जनपद गोरखपुर
4. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार द्वितीय थाना गोला जनपद गोरखपुर
5. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार प्रथम थाना गोला जनपद गोरखपुर
6. उ0नि0 अमित पाठक थाना गोला जनपद गोरखपुर
7. उ0नि0 आनन्द कुमार थाना गोला जनपद गोरखपुर
8. का0 अजीत यादव थाना गोला जनपद गोरखपुर
9. का0 गुरू प्रसाद थाना गोला जनपद गोरखपुर
10. का0 शिवकुमार थाना गोला जनपद गोरखपुर
11. का0 अवधेश थाना गोला जनपद गोरखपुर
12. का0 रामबाबू यादव थाना गोला जनपद गोरखपुर